आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 24.03.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- केंद्र सरकार ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के वर्गीकरण के लिए टर्नओवर और निवेश कसौटी में महत्वपूर्ण संशोधन अधिसूचित किए। पहली अप्रैल से होंगे लागू।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– सरकार वर्ष 2030 तक सतत विकास के लक्ष्यों को हासिल करने के लिये संकल्पबद्धता के साथ काम कर रही है।
- उत्तराखंड सरकार, अपने कार्यकाल के तीन वर्ष पूरा होने पर प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है।
- ''ऑपरेशन मुक्ति'' अभियान के तहत उत्तरकाशी पुलिस शिक्षा से वंचित बच्चों को स्कूल भेजने का काम कर रही है।

संशोधन

सरकार ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के वर्गीकरण के लिए टर्नओवर और निवेश कसौटी में महत्वपूर्ण संशोधन अधिसूचित किए हैं। ये संशोधन पहली अप्रैल से प्रभावी होंगे। एक रिपोर्ट ...

एसडीजी अचीवर्स अवार्ड

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि राज्य सरकार वर्ष 2030 तक सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये संकल्पबद्धता के साथ काम कर रही हैं आज देहरादून में आयोजित एसडीजी अचीवर्स अवार्ड समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के उद्यमी और किसान सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

पुरस्कार से सम्मानित होने वालों को राज्य का ब्रेंड एंबेस्डर बताते हुये श्री धामी ने कहा कि सतत विकास के जरिये ही समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। सरकार द्वारा किये गये जन कल्याणकारी प्रयासों को रेखांकित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबी उन्नमूलन, स्वच्छता, सहित कई क्षेत्रों में सरकार विभिन्न उपलब्धि हासिल कर रही है जो प्रदेश के विकास के सही दिशा में होने का प्रमाण है।

## विश्व तपेदिक दिवस

आज विश्व तपेदिक दिवस है। टीबी के हानिकर स्वास्थ्य, सामाजिक और आर्थिक परिणामों के बारे में जागरूकता लाने और वैश्विक स्तर पर इसके उन्मूलन के प्रयास तेज करने के लिए प्रत्येक वर्ष 24 मार्च को यह दिवस मनाया जाता है।इस वर्ष का विषय है– ''हां, हम क्षय रोग का खात्मा कर सकते हैं: प्रतिबद्धता, निवेश और परिणामी प्रयास''। एक रिपोर्ट–

## नियमितीकरण नीति

राज्य सरकार उपनल और संविदा कर्मियों के नियमितीकरण के लिए जल्द ठोस नीति बनाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसकी घोषणा की है। कल देहरादून के आयोजित कार्यक्रम में श्री धामी ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों और स्नातक युवाओं को आर्थिक सहायता और विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए एक उच्चस्तरीय समिति बनाई जाएगी। इसके अलावा 10 करोड़ रुपये तक के सरकारी कार्य अब स्थानीय ठेकेदारों को ही दिए जाएंगे।

## राज्य सरकार–तीन साल

उत्तराखंड सरकार, अपने कार्यकाल के तीन वर्ष पूरा होने पर प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने का काम कर रही है। इसके अतिरिक्त, राज्य के विभिन्न स्थानों में सरकार के निर्देश पर बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किये जा रहे हैं, जिनमें आम लोगों को स्वास्थ्य, कृषि, बागवानी सहित विभिन्न सुविधांए उपलब्ध कराई जा रही हैं। बाईस मार्च से शुरू हुये यह कार्यक्रम कल तक सभी जिला मुख्यालयों में आयोजित किये जांएगे। साथ ही आज से विधानसभा और विकासखंड स्तर पर भी बहुउद्देशीय शिविरों का बड़े स्तर पर आयोजन किया जा रहा है, जो तीस मार्च तक जारी रहेगा।

इसी कड़ी में, उत्तरकाशी के आजाद मैदान में एक भव्य समारोह हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस दौरान बहुद्देश्यीय और चिकित्सा शिविरों का आयोजन, और योजनाओं के लाभार्थियों को चेक तथा आवश्यक सामग्री वितरित की गई। वहीं, टिहरी जिले में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने सरकार के प्रति आभार प्रकट किया।

उधर, राज्य सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर टिहरी  में दो दिवसीय बैडमिंटन चैंपियनशिप की शुरुआत हुई। प्रतियोगिता जिला युवा खेल एवं कल्याण विभाग के तत्वावधान में हो रही है, जिसमें अंडर–12, अंडर–16, बालक ओपन और बालिका ओपन वर्ग शामिल हैं। प्रतियोगिता में कुल 148 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

ऑपरेशन मुक्ति उत्तरकाशी

और अब ख़बर उत्तरकाशी से, जहां पुलिस अब अपराधियों की धरपकड़ और फरियादियों को न्याय दिलाने के साथ–साथ शिक्षा से वंचित बच्चों को स्कूल भेजने का काम भी कर रही है। जिले की गंगा और यमुना घाटी में पुलिस ने ऐसे 14 बच्चों की पहचान की है जो आर्थिक तंगी और अन्य कारणों से स्कूल नहीं जा पा रहे थे। अब पुलिस इन बच्चों को स्कूल में दाखिला दिलाएगी और यह सुनिश्चित करेगी कि उनकी पढ़ाई में कोई बाधा न आए।

राज्य में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे "ऑपरेशन मुक्ति" अभियान के तहत उत्तरकाशी में भी यह पहल की गई है। पुलिस अधीक्षक सरिता डोवाल के निर्देश पर सीओ जनक सिंह पंवार ने दो पुलिस टीमों का गठन किया है। ये टीमें भिक्षावृत्ति और बालश्रम में फंसे बच्चों को मुक्त कराने के साथ ही स्कूलों और कॉलेजों में जाकर छात्रों तथा शिक्षकों को इन सामाजिक समस्याओं के प्रति जागरूक कर रही हैं।

अभियान के दौरान पुलिस ने छह से 13 वर्ष के ऐसे 14 बच्चों की पहचान की है, जिन्हें उनके माता–पिता शिक्षा का महत्व न समझ पाने के कारण स्कूल नहीं भेज रहे थे। पुलिस ने अभिभावकों को समझाया और अब ये बच्चे नए सत्र में स्कूल में दाखिला लेंगे।

अभियान दल रवाना

उत्तरकाशी स्थित नेहरू पर्वतारोहण संस्थान–निम की हीरक जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले 'निम हीरक जयंती संयुक्त अभियान माउंट एवरेस्ट 2025' के लिए अभियान दल आज संस्थान से नई दिल्ली के लिये रवाना हो गया। यह अभियान निम की स्थापना के 60 वर्ष पूरे होने के सम्मान में आयोजित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य प्रशिक्षकों को एवरेस्ट जैसी चरम परिस्थितियों में व्यावहारिक अनुभव देना है।

इस अभियान का आधिकारिक फ्लैग–ऑफ 26 मार्च को नई दिल्ली से केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ द्वारा किया जाएगा। अभियान का नेतृत्व नेहरू पर्वतारोहण संस्थान के प्रधानाचार्य कर्नल अंशुमान भदौरिया करेंगे। दल में कुल सात अनुभवी पर्वतारोही शामिल हैं, जो उच्च हिमालयी परिस्थितियों में वर्षों का अनुभव रखते हैं।

यह दल 2 अप्रैल से नेपाल के पारंपरिक साउथ कोल रूट से एवरेस्ट चढ़ाई की शुरुआत करेगा। अभियान के दौरान दल खुम्बू घाटी से होते हुए ऊँचाई पर स्थित शिविरों में अनुकूलन करेगा और मई 2025 में अंतिम चढ़ाई का प्रयास करेगा। यह आयोजन हिमालयन पर्वतारोहण संस्थान, दार्जिलिंग और जवाहर पर्वतारोहण एवं शीतकालीन खेल संस्थान, जम्मू और कश्मीर के सहयोग से किया गया है।